कृषि भारतीय अर्थ-व्यवस्था और उसके जन-जीवन का मुख्य आधार है। चूंकि कृषि अभी भी पूर्णतः वर्षा पर ही निर्भर है, इसलिए वर्ष 1991-92 में खाद्यान्नों का उत्पादन लगभग 90 लाख मीट्रिक टन घट गया, जबकि उस वर्ष 16 करोड़ 70 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होने का अनुमान था। इससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली और उपभोक्ता कीमतों पर दबाव पड़ा है। लेकिन सीमित मात्रा में गेहूं का आयात करने का निर्णय समय पर ले लिए जाने से उसकी कीमत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मई और दिसम्बर, 1992 के बीच कीमतों में वृद्धि 3.6 प्रतिशत तक सीमित रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि चालू वर्ष में बिहार के भागों और कुछ अन्य राज्यों के भागों के सिवाय अच्छा मानसून रहा है। इस वर्ष कुल खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन 10 करोड़ मीट्रिक टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष 9.142 करोड़ मीट्रिक टन था। खरीफ के चावल की अधि-प्राप्ति संतोषजनक है और अब तक 90 लाख मीट्रिक टन से अधिक की अधिप्राप्ति की जा चुकी है। रबी की फसल अच्छी होने की संभावना है तथा ऐसी आशा है कि यह लगभग 7 करोड़ 60 लाख से 7 करोड़ 70 लाख मीट्रिक टन तक होगी। खरीफ के तिलहन का उत्पादन लगभग 16 लाख मीट्रिक टन तक हो गया है। अक्तूबर 1992 को समाप्त होने वाले चीनी-वर्ष में हमारा चीनी का उत्पादन 133 लाख मीट्रिक टन था, जिसके फलस्वरूप भारत विश्व का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश बन गया। इन सब बातों का कीमतों एवं उपलब्धता पर सराहनीय प्रभाव पड़ा है। कृषि क्षेत्र में देश की उपलब्धियां हमारे कृषकों के कठोर परिश्रम एवं उद्यम का स्पष्ट प्रमाण है।

हमारी कृषि योजनाओं का लक्ष्य केवल आत्मनिर्भर होना नहीं है। हमारी दृष्टि में यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो कि अत्यधिक सम्भावना वाला है और किसानों तथा ग्रामीण मजदूरों को अधिक आय देने में सक्षम है। इस क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए अगस्त, 1992 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रु० प्रति क्विंटल बढ़ा दिया गया था और अप्रैल, 1993 से प्रारंभ होने वाले बाजार-मौसम के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 55 रुपए क्विंटल बढ़ा दिया गया है।

गेहूं के लिए प्रति क्विंटल 25 रुपए का बोनस देने का भी निर्णय लिया गया है। गन्ने का न्यूनतम परिनियत मूल्य चीनी-वर्ष 1991-92 के लिए 3 रु० प्रति क्विंटल बढ़ाकर 26 रु० प्रति क्विंटल कर दिया गया था। चीनी वर्ष 1992-93 में इसे और अधिक बढ़ाकर 31 रु० प्रति क्विंटल कर दिया गया है। फोस्फेटिक तथा पोटेशिक उर्वरकों पर से कन्ट्रोल हटा लिए जाने के परिणामतः निःसंदेह थोड़े ही समय में उनकी कीमत बढ़ गई है। इस वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार ने एक बार की सहायता के रूप में राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों को 340 करोड़ रुपए दिए हैं। यूरिया की कीमत 10 प्रतिशत घट गई। सरकार ने छोटे एवं सीमान्त किसानों के लिए कृषि के बुनियादी ढांचे का विकास करने के लिए 500 करोड़ रुपए की एकमुश्त सहायता देने की घोषणा की है। इन उपायों और आगामी वर्ष में शुष्क खेती पर अधिक ध्यान दिए जाने के कारण किसानों के हितों की काफी रक्षा होगी।

समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक कार्यक्रम नवीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली है। सरकार ने इस योजना के तहत निर्धारित जनजातीय, सूखा पीड़ित, रेगिस्तानी एवं निर्दिष्ट पहाड़ी क्षेत्रों के 1700 ब्लाकों में प्रति वर्ष वितरण के लिए 20 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त खाद्यान्न अलग से रखने का निश्चय किया है। जब से नवीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रारंभ की गई है, तब से इन ब्लाकों में 10,121 नई उचित दर दुकानें खोली गई हैं और 26 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

चालू वर्ष के दौरान जिला स्तर पर उपभोक्ता समाधान एजेन्सियों के गठन से संबंधित कार्य आगे बढ़ाया गया और मेघालय राज्य के सिवाय समूचे देश में जिला फोरम बनाए गए हैं। इस समय देश भर में 447 जिला फोरम कार्य कर रहे हैं।

ग्रामीण विकास के क्षेत्र में आठवीं योजना में ग्रामीण बुनियादी आर्थिक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रमों के साथ जवाहर रोजगार योजना को और समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम को एकीकृत करने पर अत्यधिक बल दिया गया है, जिससे ऐसी स्थायी और उत्पादक आर्थिक परिसम्पत्तियां सृजित की जा सकें, जिनसे और अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों। सातवीं योजना में आबंटित छः हजार एक सौ उन्नासी करोड़ रुपए और वास्तविक व्यय दस हजार नौ सौ छप्पन करोड़ रुपए की तुलना में आठवीं पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण विकास के लिए परिव्यय बढ़ाकर 30,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

72वां संविधान संशोधन विधेयक 1991, जिसे पिछले सत्र में संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिया है, अधिनियमित किए जाने पर कालिक रूप में नियमित चुनावों को सुनिश्चित करके तथा शक्तियों एवं वित्तीय संसाधनों के पर्याप्त हस्तांतरण द्वारा पंचायती राज संस्थानों को प्रभावी रूप में सुदृढ़ करेगा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए पंचायतों में सीटों के आरक्षण की व्यवस्था ग्रामों में उनकी जनसंख्या के अनुपात में की गई है। जिन सीटों के लिए सीधे ही चुनाव कराए जाएंगे, उनमें से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इसके अलावा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में से एक तिहाई सीटें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए नियत की गई हैं। इस कानून में अध्यक्ष के पद के लिए भी आरक्षण का प्रावधान है। यदि राज्य विधान मंडल चाहे तो पिछड़े वर्गों के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था कर सकते हैं।

नगर पालिका शासन को सुदृढ़ बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नगर पालिकाएं स्थानीय सरकार की प्रभावी इकाई के रूप में कार्य करें, संसद द्वारा 73वां संविधान संशोधन विधेयक, 1991 पारित किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, महिलाओं और पिछड़े वर्गों के सदस्यों के लिए आरक्षण का प्रावधान रखा गया है, जैसा कि पंचायत के मामले में पहले किया गया था।

वर्ष 1992-93 के दौरान सरकार ने रोग नियंत्रण कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी है। इन कार्यक्रमों में 2000 ई० तक एड्स नियंत्रण, कुष्ठ रोग के उन्मूलन, जनजाति क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण और पिछड़े क्षेत्रों में तपेदिक के उपचार के लिए अल्पकालिक केमो-चिकित्सा भी शामिल है। मोतियाबिंद के कारण होने वाले अंधेपन के उपचार के लिए सात राज्यों में गहन कार्यक्रम चलाये जाने का प्रस्ताव है।

1991 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या की औसत वार्षिक वृद्धि दर, जो 1971-81 के दशक में 2.22 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, घटकर 2.14 प्रतिशत रह गई है। सन् 1990 में प्रति एक हजार की जनसंख्या पर जन्म-दर 30.2 थी, जो 1991 में घटकर 29.3 रह गई है, किन्तु 1.95 प्रतिशत की वर्तमान मूल वृद्धि दर अभी भी बहुत अधिक है। अत: जनसंख्या के स्थिरीकरण को सर्वाधिक राष्ट्रीय प्राथमिकता दी जाएगी।

अगले पांच वर्षों में चार लाख सफाई कर्मचारियों की मुक्ति और उनके पुनर्वास के लिए एक व्यापक कार्यक्रम आरंभ किया गया है। सफाई कर्मचारियों के लिए एक सांविधिक राष्ट्रीय आयोग गठित किया जा रहा है, जो इस कार्यक्रम का प्रभारी होगा।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम की प्राधिकृत शेयर पूंजी 57 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 125 करोड़ रुपये कर दी गई है। यह निगम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लाभ के लिए आय उत्पन्न करने वाली स्कीमों के लिए धन प्राप्ति में निरंतर सहायता करता रहेगा। अब तक निगम ने 277.63 करोड़ रुपये मूल्य की 312 स्कीमें मंजूर की हैं, जिसमें से अब तक 54.05 करोड़ रुपये संवितरित किए जा चुके हैं। यह निगम रोजगार और स्वरोजगार हेतु कौशल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित कर रहा है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में साक्षरता और शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए 48 जिलों में आवासीय विद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है।

डा० बाबा साहेब अम्बेडकर के शताब्दी समारोह वर्ष में उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि के रूप में डा० अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार, डा० अम्बेडकर राष्ट्रीय पुस्तकालय, विश्वविद्यालयों में डा० अम्बेडकर पीठों और डा० अम्बेडकर विदेश शिक्षा वृत्ति जैसी स्कीमों का प्रबन्ध करने के लिए डा० अम्बेडकर फाउन्डेशन की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त सरकार ने डा० अम्बेडकर की सम्पूर्ण कृतियों और उनके भाषणों के अनुवाद और प्रकाशन का कार्य भी आरम्भ कर दिया है। डा० अम्बेडकर पर एक पूरी फीचर फिल्म का भी निर्माण किया जाएगा।

राष्ट्रीय पिछड़ी जाति वित्त और विकास निगम, जिसकी प्राधिकृत शेयर पूंजी 200 करोड़ रुपये है, वित्त का एक अतिरिक्त जरिया होगा और सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों में तकनीकी और उद्यम कौशलों को बढ़ाने में सहायता प्रदान करेगा।

संसद ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 पारित कर दिया है, जिसमें इस आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है और इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां दी गई

हैं। आयोग के मुख्य कार्य होंगे—अल्पसंख्यकों की प्रगति और उनके विकास का मूल्यांकन करना, संवैधानिक सुरक्षा उपायों को मानीटर करना और उन पर सिफारिशें करना, विशिष्ट शिकायतों को देखना, अध्ययन और अनुसंधान करना, उपयुक्त उपायों का सुझाव देना और समय-समय पर सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

पिछड़ी जातियों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण से सम्बन्धित मुद्दों पर उच्चतम न्यायालय का निर्णय लागू करने के लिए सरकार ने कारंवाई आरम्भ कर दी है। सरकार सामाजिक रूप से उन्नत व्यक्तियों और वर्गों को, सम्पन्न व्यक्तियों को अन्य पिछड़ी जातियों में से निकालने के लिए सम्बन्धित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को लागू करते हुए आधार विनिर्दिष्ट करेगी। नागरिकों की अन्य पिछड़ी जातियों की सूचियों में शामिल करने के लिए किए गए अनुरोधों और विनिर्दिष्ट जातियों से अधिक अथवा कम जातियों को शामिल करने के सम्बन्ध में की गई शिकायतों पर विचार करने, उनकी जांच करने और उन पर सिफारिश करने के लिए एक स्थाई निकाय गठित करने के लिए अध्यादेश जारी किया गया है। इस निकाय द्वारा दी गई सलाह सामान्यत: सरकार के लिए बाध्यकारी होगी।

अनौपचारिक क्षेत्र में निर्धन महिलाओं की अल्पावधि और मध्यम अवधि के विकासात्मक ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार का प्रस्ताव गैर सरकारी संगठनों जैसी मध्यवर्तीय एजेन्सियों के माध्यम से एक राष्ट्रीय महिला कोष स्थापित करने का है। सामाजिक सुरक्षा नेट के रूप में किए जा रहे प्रयासों के एक भाग के रूप में इस कार्यक्रम के लिए निधि का आबंटन कर दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 की समीक्षा की गई है, और मई, 1992 में इस नीति में आवश्यक संशोधन किए गए। प्रारम्भिक शिक्षा को सर्वतोमुखी बनाना, सम्पूर्ण साक्षरता प्राप्त करना, शैक्षिक अवसरों की समान सुलभता, महिलाओं की शिक्षा और विकास, माध्यमिक शिक्षा का व्यवसायीकरण, उच्च शिक्षा का एकीकरण, तकनीकी शिक्षा का आधुनिकीकरण और सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता, विषयवस्तु एवं प्रक्रिया में सुधार करना शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे विषय हैं, जो राष्ट्रीय प्रयत्नों में अपना प्राथमिक स्थान बनाए हुए हैं। प्रारम्भिक शिक्षा में हमने अपना ध्यान केवल छात्रों का नाम दर्ज किए जाने से हटाकर इस बात पर केन्द्रित कर दिया है कि उनकी उपस्थिति बनी रहे और शिक्षा का लक्ष्य पूरा हो। संशोधित नीति में यह सुनिश्चित करने का संकल्प किया गया है कि इस दशक में 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को संतोषप्रद गुणवत्ता वाली नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध हो जाए। सम्पूर्ण साक्षरता अभियान नीति पर आधारित राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को प्रशंसनीय परिणामों की उपलब्धि हुई है और वर्ष 1996-97 तक देश के 75 प्रतिशत जिलों को इस मिशन के अन्तर्गत लाया जाएगा। आगामी वर्षों में शिक्षा प्रणाली के क्षेत्र में स्वस्थ प्रबन्धन सिद्धांतों को अनुप्राणित करने और शैक्षिक प्रबन्धन को विकेन्द्रित करने पर बल दिया जाएगा।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्साहवर्धक प्रगति हुई है। मई, 1992 में ए एस एल वी का सफल प्रक्षेपण स्वदेशी प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण विकास है। जुलाई, 1992 में किया गया इन्सेट-2 ए का प्रक्षेपण और उसका सफलतापूर्वक कार्य प्रारम्भ कर देना परिष्कृत बहु-उद्देशीय उपग्रह बनाने की हमारी क्षमता का सूचक है। इस वर्ष जून में इन्सेट-2 बी और पी

एस एल वी का प्रक्षेपण करने की योजना से हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। अंटार्कटिका में 11वीं वैज्ञानिक खोज यात्रा पूरी कर लेना और 12वें अभियान का शुभारंभ करना वर्ष 1992 में किए गए अन्य उल्लेखनीय विकास कार्य हैं। कृषि और स्वास्थ्य से सम्बद्ध जैव प्रौद्योगिकी साधन का लाभ उठाने के सम्बन्ध में जो प्रयास किए जा रहे हैं, उन्हें जारी रखा जाएगा।

इस वर्ष परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है—3 सितम्बर, 1992 को 220 मेगावाट के काकरापाड़ा ऐटोमिक पावर स्टेशन यूनिट-1 का चालू किया जाना तथा 24 नवम्बर, 1992 को इसे ग्रिड के साथ जोड़ दिया जाना।

हमारे सशस्त्र बल हमारी क्षेत्रीय अखण्डता की सुरक्षा करने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। जन-शक्ति योजना और प्रबंधन कार्य में सुधार और रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता के संबंध में किए गए निवेशों के अब अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

सशस्त्र बलों ने इस वर्ष अनेक अवसरों पर कानून और व्यवस्था बनाए रखने और राहत और बचाव कार्य करने में सिविल प्राधिकारियों की सहायता की है। उन्होंने अपना कार्य प्रशंसनीय समर्पण की भावना से किया है।

रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में, विशेष रूप से अतिरिक्त पुर्जों के स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता के सम्बन्ध में सुदृढ़ प्रयास किए गए हैं। परिवर्तित औद्योगिक नीतियों को ध्यान में रख कर ही रक्षा और सिविल क्षेत्र की उत्पादन यूनिटों के बीच के सम्बन्धों की पारस्परिक सुदृढ़ता को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

सेवारत और सेवानिवृत्त सशस्त्र बल के कार्मिकों के कल्याण में वृद्धि करने के लिए सरकार वचनबद्ध है।

हमने अपनी विदेश नीति के उद्देश्यों का द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय फोरम दोनों में दृढ़ता-पूर्वक अनुसरण किया है। पड़ौसी देशों के साथ संबंध और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया और इसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं। इन देशों के जिन महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भारत का दौरा किया, उनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति, बंगलादेश की प्रधानमंत्री, नेपाल के प्रधानमंत्री और भूटान नरेश भी शामिल हैं। इन दौरों के परिणामस्वरूप इन देशों के साथ हमारे संबंध मजबूत हुए हैं। बंगला-देश की प्रधानमंत्री के दौरे के समय बंगलादेश को तीन बीघा का गलियारा पट्टे पर सौंप देने की हमारी वचनबद्धता पूरी की गई थी। भूटान नरेश के आगमन के समय महत्वपूर्ण संकोष बहु-उद्देशीय परियोजना के लिए गहन अन्वेषण कार्य करने हेतु दोनों देशों के बीच एक सहमति-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर और पंजाब में लगातार आतंकवाद और तोड़फोड़ की कार्र-वाइयों में मदद दिए जाने के बावजूद हमने विभिन्न द्विपक्षीय समस्याओं को सुलझाने का प्रयत्न किया है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष दो बार पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से बातचीत की। दुर्भाग्यवश हमारे प्रयासों से इस दिशा में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई। हम पाकिस्तान से अनुरोध करते हैं कि वह जानबूझकर कोई विवाद खड़ा न करे और भड़काने वाली कार्रवाइयों से दूर रहे तथा हमारे साथ अपने सम्बन्धों का एकतरफा लाभ उठाने के लोभ से बचे। द्विपक्षीय बातचीत के अलावा हमारे पास और कोई विकल्प नहीं है।

पुराने मतभेदों को भुलाकर सरकार लगातार चीन के साथ एक अच्छे पड़ोसी जैसे संबंध बनाने की नीति पर चल रही है। हम सीमा सम्बन्धी विवाद का एक निष्पक्ष, उचित और दोनों पक्षों को स्वीकार्य हल निकालने का भी प्रयास कर रहे हैं। पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं में से एक यात्रा हमारे भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री आर० वेंकटरामन की थी। इस वर्ष चीन के विदेश मंत्री भी भारत यात्रा पर आने की संभावना है। हमारे प्रधानमंत्री भी चीन की यात्रा पर जाएंगे।

हम अमरीका के राष्ट्रपति श्री क्लिंटन तथा उनके प्रशासन के साथ मिलकर आपसी सहमति, विश्वास और साझा मूल्यों तथा समान हितों के आधार पर दोनों देशों के बीच सम्बन्ध स्थापित करने के इच्छुक हैं। शीत युद्ध की समाप्ति के बाद बदली हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में भारत-अमरीका संबंधों को मजबूत करने की दिशा में गति आई है, जिससे कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग के साथ-साथ राजनीतिक स्तर पर भी दोनों देशों के बीच समझबूझ की भावना बढ़ी है।

राष्ट्रपति येल्तसिन की यात्रा से द्विपक्षीय और अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विचारों के विस्तृत आदान-प्रदान का मौका मिला है। कश्मीर के सम्बन्ध में हमने अपनी स्थिति स्पष्ट की। राष्ट्रपति येल्तसिन ने स्पष्ट रूप से भारत को अपने देश का पूरा समर्थन दिए जाने की बात कही है। इस यात्रा के दौरान ऋण की अदायगी के मुद्दे को सुलझाया गया तथा कई करारों पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे कि दोनों देशों के बीच भावी मित्रता और घनिष्ट सम्बन्धों की मजबूत नींव रखी जा सकी है।

पिछले महीनों में हमें पश्चिम यूरोप के तीन महत्वपूर्ण शासनाध्यक्षों का अपनी भूमि पर स्वागत करने का अवसर मिला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्री जॉन मेजर हमारे गणतन्त्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। उनकी यात्रा से भारत-ब्रिटेन मैत्री और सहयोग बढ़ा है तथा लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त पर कायम रहने की हमारी प्रतिबद्धता के प्रति ब्रिटेन की सहमति की फिर से पुष्टि हुई है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में पूरा सहयोग देने का वायदा किया है। इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण परिणाम यह हुआ कि इससे भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग को और अधिक बढ़ावा मिला है। इस महीने के शुरू में हमने स्पेन के राष्ट्रपति श्री फिलिप गोंजालेज का स्वागत किया। हाल ही में जर्मनी के चांसलर हेलमुट कोल अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव के लिए जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार प्राप्त करने भारत की यात्रा पर आए। इन महत्वपूर्ण यात्राओं से इस बात का परिचय मिलता है कि देश के सामने उपस्थित विभिन्न समस्याओं को सुलझाने की हमारी क्षमता तथा हमारी लोकतांत्रिक एवं सर्वधर्म सम्मान की प्रणाली की मजबूती की सराहना विदेशों में हो रही है। इन यात्राओं से हमारी विदेश नीति और हमारे आर्थिक सुधार के कार्यक्रमों को और अधिक समर्थन मिला है।

यह संयोग की बात है कि भारत और जापान के बीच राजनयिक सम्बन्धों की चालीसवीं वर्षगांठ पर वर्ष 1992 में प्रधानमन्त्री जापान की यात्रा पर गए और उन्होंने दोनों देशों के बीच शान्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए। हमारी आर्थिक उदारीकरण की नीति में जापान की दिलचस्पी बढ़ने का इस बात से पता चलता है कि भारत में जापान के प्रत्यक्ष निवेश में वृद्धि हुई है। हम सभी स्तरों पर जापान के साथ सम्बन्धों को मजबूत करने के लिए वचनबद्ध हैं।

हमने मध्य एशिया के नव स्वतंत्र देशों के साथ अपने सम्बन्धों को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया है, जिसके साथ हमारे वर्षों पुराने सांस्कृतिक सम्बन्ध रहे हैं। पिछले वर्ष उज्बेकिस्तान,

कजाकिस्तान, किर्गिस्तान तथा तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपतियों की भारत यात्रा के बाद मध्य एशिया में भारत से उच्चस्तरीय यात्राएं हुईं। कुछ दिन पहले ताजकिस्तान के प्रधानमंत्री भारत की यात्रा पर आए थे। इस यात्रा के दौरान ऐसे करारों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनसे मध्य एशिया के सभी देशों के साथ हमारे सम्बन्धों को एक नया और दीर्घकालीन आयाम मिला है।

सामरिक महत्व के आणविक भंडारों में कमी लाने के लिए अमरीका और रूस के बीच हुई स्टार्ट-II संधि का हम स्वागत करते हैं तथा इसे सही दिशा में उठाया गया कदम मानते हैं। बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण के क्षेत्र में रासायनिक शस्त्र समझौते का सफलतापूर्वक सम्पन्न होना एक महत्वपूर्ण घटना है, जिसमें व्यापक विनाश के सभी प्रकार के हथियारों को समाप्त करने की व्यवस्था है। यह एक विश्वव्यापी और भेदभाव रहित संधि है, जिसे भविष्य में होने वाली वार्ताओं के लिए एक आदर्श के रूप में देखा जाना चाहिए। यह व्यापक निरस्त्रीकरण के लिए भारत की कार्य योजना को एक दृढ़ आधार प्रदान करती है, जिसे 1988 में प्रधानमन्त्री राजीव गांधी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रस्तुत किया था। इस क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणामों को प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय अथवा उप-क्षेत्रीय दृष्टिकोण को नहीं अपितु एक विश्वव्यापी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

समय की आवश्यकता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ पुनः शक्तिशाली हो और इसकी कार्यसूची अधिक सुस्पष्ट हो। संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि वह अपनी संरचना को प्रजातांत्रिक बनाने और व्यवस्थित करने में कितना सक्षम है ताकि यह अपने सदस्यों की चिंताओं का समायोजन और प्रतिबिम्बन कर सके।

संयुक्त राष्ट्र संघ गुट निरपेक्ष आन्दोलन, राष्ट्रमंडल और ग्रुप-15 में बहुपक्षीय स्तर पर हमारी सहभागिता अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं के सामान्य ढांचे के अंतर्गत ही रही है। पिछले सितम्बर में जकार्ता में गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री के भाषण से विचार-विमर्श का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसमें गुट निरपेक्ष आन्दोलन की सतत सार्थकता पर पुनः बल दिया गया और भावी कार्यसूची को प्राथमिकता दी गई ताकि इसकी विशिष्ट चिंताओं के मामलों पर ध्यान केन्द्रित किया जाए।

रियो डी जेनेरियो में जून, 1992 में हुए पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यू एन सी ई डी) के दौरान प्रधानमंत्री के भाषण में पर्यावरण और विकास के बीच अभिन्न संबंध बनाए रखने पर जोर दिया गया, जो पर्यावरण तथा विकास संबंधी सभी मसलों को हल करने की दिशा में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ। विकासशील देश पर्यावरण को सुरक्षित रखने के व्यापक प्रयास में विकसित देशों के साथ शामिल हो सकें, इसके लिए उनको प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करने तथा अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने के भारत के प्रस्ताव का सम्मेलन में व्यापक स्वागत तथा समर्थन किया गया।

माननीय सदस्यगण, देश आज जिस संकट के दौर से गुजर रहा है, उसमें आपके कन्धों पर भारी जिम्मेदारी आ पड़ी है। पिछले वर्ष जहां आपने उल्लेखनीय स्तर पर सहयोग देखा, वहीं असहमति के प्रबल पक्ष भी देखे। ये सब एक जीवन्त लोकतन्त्र को प्रदर्शित करते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस वर्ष समस्याओं से निपटने के लिए आप पूरे देश के समक्ष अपने उत्कृष्ट आचरण और नेतृत्व का परिचय देंगे। राष्ट्र इस महान संस्था के प्रतिनिधियों से इससे कुछ भी कम की आकांक्षा नहीं रखता। आपको साहस, बुद्धिमत्ता और अनुशासन के साथ राष्ट्र का मार्गदर्शन करना है।

मैं आपका आह्वान करता हूं कि इस अधिवेशन में आप अपने कार्य में जुट जाएं और इसके लिए आपकी सफलता की कामना करता हूं।

जय हिन्द ।

12.51 1/2 म०प०

निधन संबंधी उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों, आज हम दो माह के अन्तराल के बाद एकत्र हुए हैं और मुझे अपने सात भूतपूर्व सहयोगियों डा० मनमोहन दास, सर्वश्री श्रद्धाकर सुपाकर, अन्नासाहेब पी० शिन्दे, राघवेन्द्रराव श्रीनिवासराव दीवान, बैजनाथ महोदया, बिन्देश्वरी दुबे और बीरेन राव के दुखद निधन की सूचना देनी है।

डा० मन मोहन दास 1952-67 के दौरान पश्चिम बंगाल के बर्दवान, आसनसोल तथा आसग्राम (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से क्रमशः पहली, दूसरी तथा तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। इससे पूर्व 1948-52 के दौरान वह संविधान सभा तथा अन्तरिम संसद के भी सदस्य रहे।

व्यवसाय से चिकित्सक डा० दास एक समर्पित सामाजिक तथा राजनैतिक कार्यकर्ता थे। समाज के निर्धन वर्गों के उत्थान के लिए उन्होंने अथक प्रयास किए। वह आल बंगाल रविदास एसोसियेशन से भी सम्बद्ध रहे।

लगभग दो दशकों के अपने दीर्घ संसदीय कार्यकाल में डा० दास ने विभिन्न पदों पर देश की सेवा की। एक कुशल प्रशासक के रूप में 1956-66 के दौरान केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में उप मंत्री के रूप में उन्होने विभिन्न मंत्रालयों के कार्यभार का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

डा० मन मोहन दास का निधन 82 वर्ष की आयु में 13 दिसम्बर, 1992 को हुआ।

श्री श्रद्धाकर सुपाकर ने 1957-62 तथा 1867-70 के दौरान दूसरी तथा चौथी लोक सभा में उड़ीसा के सम्बलपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1965-67 के दौरान वह राज्य सभा के भी सदस्य रहे। इससे पूर्व 1949-56 के दौरान वह उड़ीसा विधान सभा के भी सदस्य रहे तथा 1952-56 के दौरान उन्होंने विधान सभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी कार्य किया।

श्री सुपाकर व्यवसाय से वकील थे। उन्होंने उड़ीसा में शिक्षा के विस्तार में भी गहन रुचि ली। उन्होंने अनेक शैक्षणिक संस्थाओं एवं विश्वविद्यालयों में विभिन्न पदों पर कार्य किया। वर्ष 1939-41 के दौरान वह उड़ीसा पाठ्य पुस्तक समिति के भी सदस्य रहे।

नागरिक स्वतंत्रताओं के दृढ़ पक्षधर श्री सुपाकर अखिल भारतीय नागरिक स्वतंत्रता सम्मेलन के 1954 में कटक में आयोजित किए गए सम्मेलन की स्वागत समिति के सभापति रहे।

वह एक अनुभवी संसदविद् थे। वह 1957-59 तथा 1959-60 के दौरान लोक सभा की क्रमशः प्राक्कलन समिति तथा लोक लेखा समिति के सदस्य रहे। इससे पूर्व उन्होंने 1952-54 के दौरान उड़ीसा विधान सभा की लोक लेखा समिति के सभापति के रूप में भी कार्य किया। वह सभा की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लेते थे और उसमें उनका मूल्यवान योगदान होता था।

श्री सुधाकर एक विद्वान व्यक्ति थे। अंग्रेजी तथा उड़िया में उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं जिनमें "अमर जीवन" शीर्षक से उनकी आत्म-कथा भी शामिल है।

श्री सुधाकर का 78 वर्ष की आयु में 6 जनवरी, 1993 को देहान्त हो गया।

श्री अन्नासाहिब पी० शिंदे एक कुशल प्रशासक, सुविख्यात सामाजिक कार्यकर्ता तथा एक प्रसिद्ध सांसद थे। वह 1962-70 के दौरान महाराष्ट्र के कोपरगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तीसरी तथा चौथी लोक सभा के सदस्य रहे। 1971-79 में वह अहमद नगर से पांचवीं और छठी लोक सभा के लिए चुनकर आए।

श्री शिंदे ने स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लिया और 1942 में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में भी सक्रिय रहे तथा जेल की सजा काटी।

व्यवसाय से श्री शिंदे एक वकील थे तथा कृषक भी थे। उन्होंने एक प्रशासक, योजनाकार तथा किसानों के हितैषी के रूप में ख्याति अर्जित की। उन्होंने 1966-77 के दौरान केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में विभिन्न मंत्रालयों का कार्य बाखूबी निभाया।

श्री शिंदे को कृषि के विकास के लिए काम करने का बड़ा शौक था। वह कृषि संबंधित अनेक सरकारी तथा गैर-सरकारी निकायों और सहकारी समितियों से जुड़े थे। केन्द्र में केन्द्रीय मंत्री के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कृषि अनुसंधान का पुनर्गठन किया और अनेक कृषि विश्वविद्यालयों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वह एक जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने गरीबों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए काम किया तथा अनेक सहकारी संस्थाओं की स्थापना की। वह अनेक छात्र कल्याण संस्थाओं से भी सम्बद्ध रहे।

श्री शिंदे सभा की कार्यवाही में अत्यधिक दिलचस्पी लेते थे जो देश के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण है। वह सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य भी रहे।

श्री शिंदे ने काफी अधिक यात्रा की और उन्होंने हेग में हुई विश्व खाद्य कांग्रेस में देश का प्रतिनिधित्व किया।

वह एक बहुत बड़े विद्वान थे तथा उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं, जिनमें 'भारतीय कृषि और खाद्य की समस्यायें' और 'भारत-पाकिस्तान संघर्ष' नामक पुस्तकें भी शामिल हैं। श्री शिंदे की पत्रकारिता में भी काफी रुचि थी और उन्होंने कुछ समय के लिए 'जनसत्ता' नामक एक साप्ताहिक समाचार-पत्र का सम्पादन भी किया।

श्री शिंदे का 71 वर्ष की अवस्था में बंबई में 12 जनवरी, 1993 को देहावसान हो गया।

श्री राघवेन्द्रराव श्रीनिवासराव दीवान 1952 से 1957 के दौरान पहली लोक सभा के सदस्य रहे और उन्होंने हैदराबाद राज्य के उस्मानाबाद निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इससे पूर्व वह लटूर नगर के सदस्य रहे।

श्री दीवान एक शिक्षक थे और साथ ही सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने लटूर क्षेत्र के विकास के लिए 15 वर्षों से भी अधिक तक काम किया और अनेक सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से सम्बद्ध रहे। उन्होंने 1938 में हैदराबाद राज्य कांग्रेस सत्याग्रह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राजनीतिक गतिविधियों के कारण 1941-42 में उन्हें जेल भी जाना पड़ा।

श्री दीवान महिलाओं की शिक्षा के प्रति काफी जागरूक थे और उन्होंने 1936 में लटूर में कन्या विद्यालय भी स्थापित किया।

श्री दीवान और सक्रिय सांसद थे। सभा की कार्यवाही में हिस्सा लेकर वह चर्चाओं को काफी उपयोगी और अर्थपूर्ण बना देते थे।

उनका देहावसान 88 वर्ष की आयु में पुणे में 16 जनवरी, 1993 को हुआ।

श्री बैजनाथ महोदय, वर्ष 1952-57 के दौरान तत्कालीन मध्य भारत राज्य के नीमच निर्वाचन क्षेत्र से प्रथम लोक सभा के सदस्य रहे।

श्री महोदय अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी तथा सर्वोदय नेता थे। वह 1921 से साबरमती के सत्याग्रह आश्रम के सदस्य बन गए तथा स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेने के लिए उन्हें कई बार कारावास का दण्ड झेलना पड़ा।

वह एक कुशल प्रशासक थे और राज्य में बुनियादी शिक्षा को प्रोत्साहित करने संबंधी कार्यों में गहरी दिलचस्पी लेते थे। उन्होंने इंदौर राज्य के शिक्षा, श्रम तथा विकास मंत्री के रूप में 1947-48 के दौरान काम किया। जाने-माने जन सेवक के रूप में उन्होंने ग्रामीण जनता के कल्याण के लिए बड़ी सक्रियता से कार्य किया।

1.00 म०प०

सुविज्ञ श्री महोदय ने गांधी जी और टॉलस्टाय की अनेक कृतियों का अनुवाद किया। वह पत्रकारिता में भी दिलचस्पी रखते थे तथा उन्होंने 'लोक सेवक' नामक हिन्दी साप्ताहिक का भी संपादन किया।

उनका 96 वर्ष की आयु में 19 जनवरी, 1993 को इंदौर में देहावसान हो गया।

श्री बिंदेश्वरी दुबे अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी, कुशल प्रशासक, सुविख्यात मजदूर नेता तथा सुविज्ञ सांसद थे। बिहार के गिरिडीह निर्वाचन क्षेत्र का उन्होंने 1980-84 के दौरान सातवीं लोक सभा के सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व किया। वह 1988 से राज्य सभा के सदस्य थे। इससे पहले वह 1952-57, 1963-77 तथा 1985-88 के दौरान बिहार विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री दुबे ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए अपना इंजीनियरिंग का अध्ययन छोड़ दिया था तथा 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में बड़ी सक्रियता से भाग लिया था।

आजादी के बाद उन्होंने अनेक पदों पर रहते हुए देश की सेवा की। केन्द्रीय मंत्री परिषद् में उन्होंने विधि, न्याय तथा श्रम मंत्रालय का पदभार संभाला। इससे पूर्व उन्होंने बिहार राज्य मंत्रि मंडल में शिक्षा, परिवहन तथा स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्य किया और 1985 से 1988 के दौरान राज्य के मुख्य मंत्री रहे। इस दौरान राज्य प्रशासन में परिवर्तन करने के साथ-साथ उसे पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित किया। जिला चंपारन को उन्होंने अपराधियों तथा अन्य असामाजिक तत्वों से मुक्त कराने के लिए 'आपरेशन ब्लैक पैंथर' नामक अभियान चलाया।

श्री दुबे एक प्रख्यात ट्रेड यूनियन नेता थे। कोयला, इस्पात, इंजीनियरिंग तथा बिजली उद्योगों के ट्रेड यूनियन आन्दोलन के साथ वह घनिष्ठता से जुड़े हुए थे। उन्होंने कोयला खान श्रमिकों को बेहतर वेतन और सेवा शर्तें उपलब्ध कराने के लिए अनवरत रूप से आन्दोलन किया। उन्होंने अपने आप को यूरोप के देशों में खानों और कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों की कार्यदशा का अध्ययन करने के लिए यूरोप के अनेक देशों का दौरा किया। वह 'इंटक' से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए थे और 1981 में इसके अध्यक्ष रहे।

व्यापक भ्रमण किए हुए श्री दुबे ने अनेक अंतर्राष्ट्रीय मजदूर सम्मेलनों और गोष्ठियों में देश का प्रतिनिधित्व किया।

अनुभवी सांसद के तौर पर उन्होंने समाज के निर्बल वर्गों की समस्याओं को हल करने में संसद रूपी मंच का प्रभावी ढंग से प्रयोग किया। एक संसद सदस्य एवं मंत्री के रूप में उन्होंने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही में अपना मूल्यवान योगदान किया।

श्री दुबे का निधन 20 जनवरी, 1993 को 72 वर्ष की आयु में मद्रास में हुआ।

श्री बीरेन राय 1957-59 के दौरान पश्चिम बंगाल के कलकत्ता दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी लोक सभा के सदस्य रहे। वह 1960-72 की अवधि के दौरान राज सभा के सदस्य भी रहे। इससे पूर्व वह 1943 में अविभाजित बंगाल विधान परिषद् और 1952-57 की अवधि के दौरान पश्चिम बंगाल विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री राय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के साथियों में थे और साइमन कमीशन के बहिष्कार में भाग लेने के कारण उन्हें अपने उच्च अध्ययन को छोड़ना पड़ा।

श्री राय ने सार्वजनिक जीवन के सभी क्षेत्रों में गहरी रुचि ली। उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान देश में उड्डयन को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने 1948 में एक हल्के विमान 'मेघदूत' का डिजाइन तैयार किया जिसे भारत में डी०जी०सी०ए० ने तथा यूरोप में विमान प्राधिकारियों ने स्वीकृत किया। 1950 तथा 1951 में उन्होंने नेशनल एयर रैलीज तथा एयर रेस का भी आयोजन किया। श्री राय ने व्यापक भ्रमण किया तथा उन्होंने 1950-60 के दौरान पैरिस, वीयना, पालेरमो, संयुक्त राज्य अमरीका, मास्को और बार्सीलोना में अनेकों अंतर्राष्ट्रीय उड्डयन सम्मेलनों में भाग लिया तथा उन देशों में उड्डयन के विकास पर व्याख्यान दिए। वह विभिन्न हैसियतों से ग्रेट ब्रिटेन की रायल ऐरोनोटिकल सोसाइटी तथा ऐरोनोटिकल सोसाइटी आफ इण्डिया से भी सम्बद्ध रहे।

श्री राय महिलाओं के कल्याण में गहरी दिलचस्पी लेते थे तथा उनकी शिक्षा के लिए अनेक विद्यालयों की स्थापना की। उन्होंने भारत में प्रशासन सेवा के प्रारम्भिक वर्षों—1927-30,

के दौरान कलकत्ता रेडियो स्टेशन से पहली बार वाणिज्यिक विज्ञापनों का प्रसारण आरम्भ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री राय संसदीय गतिविधियों में गहरी रुचि लेते थे। वह इंडियन पार्लियामेन्ट्री ग्रुप, संसदीय तथा संवैधानिक अध्ययन संस्थान तथा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (बंगाल) के आजीवन सदस्य थे।

श्री राय कलम के धनी थे तथा उन्होंने अनेकों पुस्तकें लिखीं। उन्होंने बंगाल म्युनिसिपल गजट "तथा ट्रैवल" नामक भारत की प्रथम यात्रा पत्रिका का भी सम्पादन किया।

श्री राय का 83 वर्ष की आयु में 21 जनवरी, 1993 को कलकत्ता में निधन हुआ।

हम इन मित्रों के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और मुझे विश्वास है कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने में सभा मेरा साथ देगी।

अब सभा में मृतकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए थोड़ी देर मौन रखा जाएगा।

तत्पश्चात सदस्यगण दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

———

1.05 म०प०

मंत्रियों का परिचय

प्रधान मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : अध्यक्ष महोदय, आपकी अनुमति से मैं केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल अथवा पदोन्नत कुछ अपने सहयोगियों का परिचय कराना चाहता हूं।

श्री दिनेश सिंह, विदेश मंत्री।

श्री प्रणव मुखर्जी, वाणिज्य मंत्री।

श्री एन०के०पी० साल्वे, विद्युत मंत्री।

कैप्टन सतीश कुमार शर्मा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री।

श्री के० पी० सिंह देव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री।

डा० अबरार अहमद, वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।

श्री अरविन्द नेताम, कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री।

श्री भुवनेश चतुर्वेदी, प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री।

श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति, वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री।

श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्य एवं खेल विभाग) में राज्य मंत्री।

श्रीमती बासवा राजेश्वरी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला एवं बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री ।

श्री के० वी० तंगकाबालू, कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री ।

श्री पी० एम० सईद, गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री ।

श्री पी० वी० रंगय्या नायडू को विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया है ।

अध्यक्ष महोदय : सभा मंगलवार, 23 फरवरी, 1993 को 11.00 म०पू० पर पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है ।

1.07 म०प०

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 23 फरवरी, 1993/फाल्गुन 4, 1914 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

चौधरी मुद्रण केन्द्र, 12/3, श्रीराम मार्ग, मौजपुर दिल्ली-53